एक नजर में

विहिप एवं बजरंग दल द्वारा प्राचीन श्रीराम मंदिर पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

झाबुआ। विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल की नगर टोली द्वारा 14 अक्टूबर, मंगलवार रात 8 बजे से स्थानीय राजवाड़ा स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन रखा गया। जिसमें श्री हनुमान चालीसा के 5 पाठ किए गए। इस दौरान युवा भजन गायकों ने भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी महाराज के समधुर भजन भी प्रस्तुत किए। यह आयोजन करीब एक घंटे तक चला। समापन पर श्रीराम दरबार एवं शिव परिवार की आरती कर सभी को प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि विहिप एवं बजरंग दल द्वारा सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को शहर के अलग-अलग मंदिरों में 5 श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

तालाब में डूबने से साढ़े 4 वर्ष के मासूम की मौत पुलिस कर रही मामले की जांच

झाबुआ। कल्याणपुरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम नारंदा में साढ़े 4 वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृत बालक के शव का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय में हुआ। पुलिस ने घटना में मर्ग कायम किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नारंदा निवासी अश्विन पिता दिलीप भाबोर उम्र करीब 4 वर्ष 6 माह 14 अक्टूबर, मंगलवार दोपहर 11 बजे से घर से लापता था। परिजन लगातार बालक की खोजबीन कर रहे थे। बच्चें का शव ग्रामीणों ने गांव के बड़े तालाब में तैरता हुआ 15 अक्टूबर, बुधवार अलसुबह करीब 5.30 बजे देखा। बाद परिजनों को सूचना देने के साथ पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। पुलिस की मौजदूगी में शव को तालाब से बाहर निकाला गया। बाद वाहन से जिला चिकित्सालय पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। बुधवार दोपहर तक शव का पोस्टमार्टम हुआ। तत्पश्चात् शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना में कल्याणपुरा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। परिजनों ने घटनाक्रम में जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

झाबुआ, 15 अक्टूबर 2025। कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति की अध्यक्ष नेहा मीना की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत कार्यालय के सभागृह में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सचिव एवं कार्यपालन यंत्री श्री विपिन पाटीदार ने अवगत कराया कि वर्तमान में नहरों की साफ-सफाई का कार्य प्रगतिरत है। यह कार्य रबी सिंचाई के पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि माह नवंबर के प्रथम सप्ताह में नहरों में जल प्रदाय प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने अवगत कराया कि माही मुख्य बांध परियोजना अंतर्गत माही शाखा नहर से सिंचाई के लिए म.प्र.वि.वि.कं.लि. द्वारा 5 एवं 8 एम.पी.ए. की विशेष विद्युत ग्रिड स्थापित की जा चुकी है। वर्तमान में विद्युत लाइन का कार्य अपूर्ण है। कार्यपालन यंत्री, म.प्र.वि.मंडल ने जानकारी दी कि शेष विद्युतीकरण कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर विद्युत प्रदाय प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में जल संसाधन विभाग के निर्मित जलाशयों से इस वर्ष रबी सिंचाई एवं विभिन्न नगरों के लिये पेयजल आरक्षण हेतु बैठक में पेटलावद नगर के लिये चोरबोराली तालाब से 0.51 मि.घ.मी. तथा थांदला नगर के लिये शिवसागर तालाब से 0.42 मि.घ.मी. पानी पेयजल हेतु एवं विकासखण्ड पेटलावद, थांदला, झाबुआ, राणापुर एवं रामा के लिए 154 ग्रामों की समूह जल प्रदाय योजनान्तर्गत 9.14 मि.घ.मी. जल माही परियोजना से एवं ए.के.व्ही.एन. मेघनगर हेतु 0.18 घ.मी. जल आरक्षित करने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष जिले में एक माही वृहद् परियोजना से 22670 हेक्टेयर क्षेत्र में एवं 248 सिंचाई स्त्रोतों से उपलब्ध जल अनुसार हेक्टेयर, इस प्रकार कुल 70561 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त तालाबों में उपलब्ध जल अनुसार ही सिंचाई हेतु जल प्रदाय किया जायेगा। कलेक्टर एवं समिति के अध्यक्ष द्वारा पेयजल की बकाया राशि जमा कराने हेतु संबंधित निकायों को निर्देशित किया गया है। बैठक में जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, म.प्र. जल निगम तथा नगर पालिका/परिषद के अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर ने सुनीं आमजन की समस्याएं

इंदौर. आम नागरिकों की समस्याओं के तुरंत निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जाती है, जिसमें पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने अति. पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था अमित सिंह और सभी जोन के अधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. जनसुनवाई के दौरान 54 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए. इनमें आपसी विवाद, जमीन और पारिवारिक झगड़े, धोखाधड़ी, महिला उत्पीड़न सहित अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं. पुलिस कमिश्नर ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए थानेवार अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए. कमिश्नर ने कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान पुलिस की प्राथमिकता है. वहीं, जो शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित थीं, उनके आवेदकों को संबंधित विभाग से संपर्क कर उचित कार्रवाई करवाने की सलाह दी गई. राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली यह जनसुनवाई नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे शीर्ष अधिकारियों तक पहुंचाने का मंच प्रदान कर रही है.

नव भारत
झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:
बाली न्यूज एजेंसी
(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)
मो. न.- 6260765562, 7470402906
कार्यालय -राजवाडा (झाबुआ)

मुख्यमंत्री ने किया सड़क सुरक्षा उपायों और डीडीएचआई राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ

▶ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का सभी से किया आह्वान

झाबुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीवन अनमोल है। तेजी में या असावधानीवश सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में उचित नहीं है। दुनिया का कोई भी काम किसी की जिंदगी से बड़ा नहीं होता, इसलिए चाहे जितनी भी जल्दी हो, सड़क पर चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना हर नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है।

उन्होंने अपील की कि सभी लोग दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना कतई न भूलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सुधरेंगे, तो जग भी सुधरेगा। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल हमारी जरूरत है, बल्कि एक जागरूक नागरिक के रूप में हमारी बड़ी जिम्मेदारी भी है। सिविक सेंस कहता है कि वाहन चलाते समय हमें अपने साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा का दायित्व भी समझना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में सड़क सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दबाकर सड़क सुरक्षा के आधुनिक उपायों पर आधारित एडवांस एप्लीकेशन 卐संजय卐 का शुभारंभ किया। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा आईआईटी मद्रास और सेव लाइफ फाउंडेशन के साथ डीडीएचआई और सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर दो अलग एमओयू हस्ताक्षरित कर परस्पर आदान-प्रदान किये गये। इस अवसर मुख्यमंत्री ने आईआईटी मद्रास द्वारा तैयार की गई सड़क सुरक्षा शिक्षा प्रणाली पुस्तक एवं रोड सेफ्टी रिपोर्ट का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को कम करने के लिए लोक निर्माण विभाग नवाचार लागू कर तत्परतापूर्वक कार्य कर रहा है। आधुनिक समय में राजमार्गों के विकास के साथ सुविधा और चुनौतियां बढ़ रही हैं। प्रदेश में 9 हजार किलोमीटर के दायरे में राष्ट्रीय राजमार्ग और करीब 11 हजार किलोमीटर का राज्यमार्ग का रोड नेटवर्क है। उम्मीद है कि यह कार्यशाला सड़क सुरक्षा की दिशा में अपने लक्ष्य तक पहुंचेगी। प्रदेशवासियों की जिंदगी बचाने के लिए जो सुझाव आएंगे, उन्हें लागू करेंगे।

मंथन से निकले सुझाव सड़क के लिये दीर्घकालिक धरोहर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में है। यहां सड़क और राजमार्गों का बड़ा नेटवर्क है। देश के प्रमुख महानगरों तक जाने वाले मार्ग मध्यप्रदेश से होकर गुजरते हैं।

राजपूत समाज उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह पंवार और उनके पुत्र मोक्षसिंह पंवार ने मानवता की मिसाल पेश की

झाबुआ। राजपूत समाज उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह पंवार और उनके पुत्र मोक्षसिंह पंवार निजी काम से दाहोद गए थे, जहां उन्होंने देखा कि एक बाइक सवार व्यक्ति का एक्सीडेंट एक पिकअप वाहन से हो गया है। दुर्घटना में बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट आई थी और दुखद यह रहा कि आस-पास कोई भी व्यक्ति मदद के लिए आगे नहीं आया।

ऐसे समय में पिता-पुत्र ने इंसानियत का परिचय देते हुए तुरंत घायल व्यक्ति की सहायता की। उन्होंने सबसे पहले 108 पर कॉल करके एंबुलेंस बुलवाई। हालांकि एंबुलेंस के आने में देरी होते देख उन्होंने समय की नजाकत को समझा और बिना विलंब किए एक ऑटो रिक्शा के माध्यम से घायल को तुरंत दाहोद के जायडस अस्पताल पहुंचाया और उसे भर्ती करवाया। इतना ही नहीं उन्होंने घायल व्यक्ति के परिजनों से भी संपर्क किया और उन्हें घटना की जानकारी देते हुए अस्पताल बुलवाया। पिता-पुत्र द्वारा विपरीत परिस्थिति में दिखाई गई यह तत्परता और संवेदनशीलता ना केवल सराहनीय है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा है। उनकी इस दरियादिली ने संकट के समय में एक व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस हेतु परिजनों ने महेन्द्रसिंह पंवार एवं मोक्ष पंवार का धन्यवाद् ज्ञापित किया।

आवास निर्माण प्राथमिकता से पूर्ण कराएं : सांसद

झाबुआ. संसदीय क्षेत्र रतलाम से सांसद अनिता नागरसिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गयी। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा सम्बन्धित विभागों से जानकारी क्रमवार एवं योजनावार अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती विभाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्र सिंह चौहान द्वारा बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में निर्मित खेत तालाब, कूप रिचार्ज संरचना, गाद निकासी अमृत सरोवर की विस्तृत जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त चौहान द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2016-17 से 2021-22 के मध्य 92% आवास का कार्य संपन्न हो गया है एवं 7072 आवास प्रगतिरत हैं। सांसद ने कहा कि आवास निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये। सरपंच एवं सचिवों को प्रोत्साहित करें कि वे हितग्राहियों के निर्माण पूर्ण कराये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रगतिरत आवासों में से छत भराव से शेष की स्थिति के आवासों को दिसंबर 2025 तक एवं लेटल हाइट की स्थिति के आवासों को मार्च 2026 तक पूर्ण कराये।*कृषि विभाग* बैठक में उपसंचालक कृषि श्री एन एस रावत ने जिले में रबी रकबा, उर्वरक उपलब्धता एवं बीज की उपलब्धता के संबंध में अवगत कराया। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, स्प्रिंकलर एवं मिनी स्प्रिंकलर के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी 2023-24, खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 के तहत 83584 कृषकों को कुल 28.309 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया। साथ ही खरीफ 2025 के तहत 105826 आवेदन प्राप्त हुए है। उन्होंने जिले में दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत जिले में दलहन उत्पादता बढ़ाये जाने के लिए सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने कार्ययोजना बनाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के द्वारा निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की जानकारी चाही जिसमें अवगत कराया कि 196 ग्रामों के 32000 हेक्ट. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मार्च 2026 तक निर्माण पूर्ण होना प्रस्तावित हो। साथ ही सांसद ने सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन बढ़ाये जाने हेतु बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील की।

संयुक्त दल की कार्रवाई में इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त

झाबुआ, 15 अक्टूबर 2025। आगामी दीपावली त्यौहार में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सामग्री के सही तौल सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर नेहा मीना जिला झाबुआ के निर्देशन में एडीएम चंदरसिंह सोलंकी द्वारा गठित दल ने 15 अक्टूबर 2025 को जिले के थांदला में कार्यवाही कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नमूने संग्रहित कर तथा विधिक माप विज्ञान अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राहुल सिंह अलावा द्वारा थान्दला एवं चैनपुरी में मिठाई निर्माण स्थल पर बिना लाइसेंस मिठाई व नमकीन निर्माण करने पर अधिनियम अंतर्गत 02 प्रकरण दर्ज कर मावा, मिल्क केक, बेसन, मिठाई व जोधपुर मिष्ठान भंडार से मिल्क केक के कुल 05 नमूने लिए गए है। नापतौल विभाग द्वारा तौल कांटा सत्यापित नहीं पाए जाने पर प्रकरण दर्ज: थान्दला में निरीक्षण कर नापतौल निरीक्षक श्री कपिल कदम ने विधिक माप विज्ञान अधिनियम के तहत श्रीकृष्णा स्वीट्स पर तौलकाँटा सत्यापित नहीं पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किये गए। जिन्हें वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा रहा है। त्योहारों के समय को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे निरीक्षण आगामी दिनों में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ की जानकारी तत्काल खाद्य सुरक्षा विभाग को उपलब्ध कराएं। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राहुल सिंह अलावा, वेलसिंह मोरी, नापतौल निरीक्षक श्री कपिल कदम, श्रम सहायक श्री संजय पाँचाल एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुरेश तोमर उपस्थित रहे।

पुष्य नक्षत्र पर चमका बाजार करोड़ों का हुआ व्यापार

झाबुआ। शहर में 15 अक्टूबर, बुधवार को पुष्य नक्षत्र पर बाजार दिनभर गुलजार रहा। बाजार में विशेष रौनक रहने के साथ दुकानों पर खरीददारी का दौर चला। विशेष रूप से कपड़ा, आभूषण, बर्तनों, व्हीकल शो-रूम, इलेक्ट्रानिक्स आयटमों और फर्निचर की दुकानों पर लोगों की भीड़ रहीं। मुर्हुत में लोगों ने सामग्रीयों की खरीदी की। एक अनुमान के मुताबिक दिनभर में बाजार में व्यापारियों के यहां करोड़ो का व्यापार हुआ।

दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजारों में इन दिनों विशेष रौनक देखने देखने को मिल रहीं है। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग विभिन्न सामग्रीयों की खरीदी हेतु पहुंच रहे है। बुधवार को पुष्य नक्षत्र का विशेष संयोग रहा। ज्योतिषाचार्य पं. हिमांशु शुक्ल ने बताया कि इस दिन खरीदी के लिए शुभ मुर्हुत सुबह 9.30 से दोपहर 12 बजे तक था। लोगों ने मुर्हुत अनुसार बाजार से रेडिमेड वस्त्रों के साथ चांदी एवं सोने के आभूषणों, बर्तनों में विभिन्न सामग्रीयों के साथ शो-रूम से दो एवं चार पहिया वाहन भी खरीदे।

एक नजर शहर की सड़कों पर उतरकर स्कूल और कॉलेज के हजारों बच्चों ने दिया स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का महासंदेश

स्वदेशी वस्तुओं को जीवन पर्यंत अपनाने से ही भारत बनेगा सोने की चिड़िया : डॉ. नीरजसिंह राठौर

झाबुआ। सामाजिक महासंघ जिला इकाई द्वारा शहर के पैलेस गार्डन पर 'स्वदेशी एक जन आंदोलन' महाभियान के तहत 15 अक्टूबर, बुधवार सुबह 9.30 बजे से जन-जागरूकता महारैली का आयोजन किया गया। जिसमें जन-जन को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश को मजबूत बनाने हेतु शहर की स्कूल और कॉलेज के हजारों विद्यार्थियों ने 'भारत माता, वंदे मातरम् और हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के जयघोष के साथ महा जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में करीब 2500 बच्चों ने सहभागिता की। महारैली तिरंगा ध्वजों और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के संदेशों की तख्तीयों के साथ मुख्य बाजार और गली-मोहल्लों से होकर निकली। जिसने आमजन को जागरूक करने के साथ स्वदेशी सामग्रीयों को अपनाकर देश को विकसित बनाने का अभूतपूर्व संदेश दिया।

पैलेस गार्डन पर प्रारंभ में सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं वरिष्ठ इतिहासविद् डॉ. केके त्रिवेदी ने सामाजिक महासंघ जिला इकाई के 'आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' महाभियान के बारे में बताया कि यह महाभियान संपूर्ण जिले में करीब 250 स्कूल और कॉलेजों में चलाकर स्कूल और कॉलेज के बच्चों को सामाजिक महासंघ के पदाधिकारी-सदस्यों ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की शपथ दिलवाते हुए करीब 1 लाख 50 हजार से अधिक पत्रकों का वितरण किया गया। स्कूली बच्चों को अपने अभिभावकों, परिवार रिश्तेदार, समाज, मोहल्लेवासियों को स्वदेशी सामग्रीयो को अपनाने हेतु प्रेरित करने का आव्हान करते हुए उन्हें पत्रक प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर ने बताया कि भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक को जीवन पर्यंत स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वदेशी अभियान और आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन दे रहे है। देश के सबसे बड़े दीपावली पर्व के दौरान प्रत्येक नागरिक बाजारों से स्वदेशी सामग्रीयों की ही खरीदे। भारत में निर्मित वस्तुओं का इस्तेमाल जीवन पर्यंत करे। जिससे जहां व्यापारी आत्मनिर्भर होने के साथ स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन मिलेगा और देश भी आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बन सकेगा। सामाजिक महासंघ जिलध्यक्ष डॉ. राठौर ने आगे बताया कि स्वदेशी वस्तु ही हमारी जान और पहचान भी है। देश के प्रत्येक व्यक्ति को इन वस्तुओं और सामग्रीयों का जीवन पर्यंत इस्तेमाल करना है।

2500 बच्चों को एक साथ दिलवाई गई शपथसामाजिक महासंघ के 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' महाभियान अंतर्गत अतिथियों में वरिष्ठ डॉ. केके त्रिवेदी, राधेश्याम परमार दादूभाई प्रतापसिंह सिक्का, डॉ. एमएल फुलपगारे, पीडी रायपुरिया, विनोदकुमार जायसवाल, ललित त्रिवेदी, नाथूलाल पाटीदार, प्रकाशचन्द्र त्रिवेदी, भागीरथ सतोगिया,रितूराजसिंह राठौर, जितेन्द्र शाह, मनोज खाबिया आदि ने दीप प्रज्जवलन कर जन-जागरूकता महारैली का आगाज किया। बाद महासंघ के पदाधिकारी रविंद्रसिंह सिसोदिया ने हजारों बच्चों को एक साथ हाथ खड़े करवाकर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश के विकास में सहभागी बनने की सामूहिक शपथ दिलवाई। इस बीच श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी के वरिष्ठ सदस्य गजेंद्रसिंह चंद्रावत ने उपस्थित जनसमूह को शहर के अंबा रिसोर्ट पर होने वाली तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री हनुमान चरित्र कथा के बारे में जानकारी देते हुए कथा में उपस्थित सभीजनों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर लाभ लेने का आव्हान किया। साथ ही 15 अक्टूबर, बुधवार को पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर अंबा रिसोर्ट के नए रूप में भव्य शुभारंभ की भी जानकारी दी। इस दौरान सामाजिक महासंघ के जिला महासचिव उमंग सक्सेना ने उपस्थित जन-समूह से 'भारत माता, वंदे मातरम् और हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के सामूहिक जयघोष लगवाएं।

मुख्य बाजार और गली-मोहल्ले में गूंजा स्वदेशी का नारा

कार्यक्रम पश्चात् पैलेस गार्डन से हजारों स्कूल विद्यार्थियों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और स्वदेशी वस्तुओं का अपनाने संबंधी तख्तीयां लेकर महा जन-जागरूकता रैली निकाली। रैली में आगे बैंड-बाजों पर देशभक्ति गीत और इसके पीछे सामाजिक महासंघ के पदाधिकारी सहित विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी-सदस्य और समाजसेवी अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर चले। इसके पीछे 4-4 की कतार में स्कूल और कॉलेज के हजारों बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और हाथों में तख्तियां लेकर 'स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे देश को विकसित बनाएंगे।